संख्या : Quality/255/2022-23/2664
दिनांक : 04.05.2023

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् की अध्यक्षता में दिनांक 03 मई, 2023 को अपराह्न 05:00 बजे से संपन्न e-Tender (NIT) Reference No. 1954 Dated 21-03-2023 (e-Tender No. 32810) के आलोक में शिक्षक डायरी से संबंधित तकनीकी निविदा खोलने के लिए आहूत क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही।

बैठक में क्रय समिति के निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

(1) श्री शाहजहाँ, प्रशासी पदाधिकारी, BEPC, पटना
(2) श्रीमती उर्मिला कुमारी, उप निदेशक (प्राथमिक शिक्षा), बिहार
(3) कुमार अरविन्द सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, BEPC, पटना
(4) श्री रमण कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी), BEPC, पटना

बैठक में सर्वप्रथम राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, (QE) BEPC, पटना के द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित e-Tender (NIT) Reference No. 1954 Dated 21-03-2023 (e-Tender No. 32810) के आलोक में मात्र छह निविदादाता, जिसका विवरण नीचे अंकित है, के द्वारा निर्धारित तिथि 23 अप्रैल, 2023 को अपराह्न 06:00 बजे तक ऑनलाइन निविदा समर्पित किया गया है :–

Sl.	Name of Firm/Agency
1.	M/s Printman Associates Pvt. Ltd.
2.	M/s Puja Printech Pvt. Ltd
3.	Adwell International Pvt. Ltd
4.	M/s Druck Media Private Limited
5.	Arihant Printers
6.	M/s New Print India Private Limited

(2) ऑनलाइन निविदा समर्पित करने वाले सभी छह निविदादाता के द्वारा निर्धारित तिथि 28 अप्रैल, 2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक इस कार्यालय को शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं शिक्षक डायरी का नमूना भी समर्पित किया गया है। क्रय समिति के समक्ष सभी छह निविदादाता के द्वारा समर्पित हार्ड कॉपी/नमूना के बंडल को खोलकर प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त विवरण के क्रमाक 01, 04, 05 एवं 06 पर अंकित निविदादाता के द्वारा शिक्षक डायरी के नमूना का 01–01 प्रति समर्पित किया गया है, जबकि क्रमांक 02 पर अंकित निविदादाता द्वारा शिक्षक डायरी के नमूना का 03 प्रति एवं क्रमांक 03 पर अंकित निविदादाता द्वारा शिक्षक डायरी के नमूना का 04 प्रति समर्पित किया गया है।

(3) क्रय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से सभी छह निविदादाता के तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के लिए प्रशासी पदाधिकारी, BEPC, पटना की अध्यक्षता में निम्नवत् तकनीकी निविदा आंतरिक मूल्यांकन समिति गठित किया गया :–

(1)	श्री शाहजहाँ, प्रशासी पदाधिकारी, BEPC, पटना	अध्यक्ष
(2)	श्री भास्कर कुमार मंडल, Procurement & Contract Management Expert, शिक्षा विभाग, बिहार	सदस्य
(3)	श्री उपेन्द्र कुमार पासवान, लेखा पदाधिकारी, BEPC, पटना	सदस्य
(4)	श्रीमती अभिलाषा झा, राज्य साधन सेवी, BEPC, पटना	सदस्य

निर्णय लिया गया कि पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर सभी छह निविदादाता के द्वारा अपलोड किए गए तकनीकी निविदा को डाउनलोड करके तकनीकी निविदा आंतरिक मूल्यांकन समिति को उपलब्ध करा दिया जाय। तकनीकी निविदा आंतरिक मूल्यांकन समिति द्वारा RFP के शर्तों के आलोक में निविदादाता के द्वारा पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड किए गए प्रमाण/अभिलेख की समीक्षा कर प्रतिवेदन दिनांक 10.05.2023 तक उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) क्रय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से सभी छह निविदादाता के द्वारा समर्पित शिक्षक डायरी के नमूना के मूल्यांकन के लिए निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षक परिषद्, बिहार की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। विशेषज्ञ समिति में 03 सदस्यों का मनोनयन समिति के अध्यक्ष के द्वारा स्वयं के स्तर से किया जायेगा। विशेषज्ञ समिति द्वारा RFP के Section II की कंडिका 3 B5 के अनुसार शिक्षक डायरी के नमूना का मूल्यांकन करके प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) क्रय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बैठक की कार्यवाही को BEPC के वेबसाइट पर अपलोड कराया जाय।

अंत में सधन्यवाद कार्यवाही समाप्त की गई।

3.5.23
(रमण कुमार)
मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी),
BEPC

03.05.23
(कुमार अरविन्द सिन्हा)
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी,
BEPC

3/5/23
(श्रीमती उर्मिला कुमारी)
उप–निदेशक,
प्राथमिक शिक्षा, बिहार

5.5.23
(श्री शाहजहाँ)
प्रशासी पदाधिकारी,
BEPC

(बी० कार्तिकेय धनजी, भा०प्र०से०)
राज्य परियोजना निदेशक,
BEPC